RNI NO. MPHIN38290 (TC)
सम्पादक : एश्वर्य शर्मा

# मालवा फर्स्ट
MALWA FIRST
स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

नीमच, बुधवार
19 अप्रैल 2023
वर्ष 01, अक 05, - मूल्य 02 रूपए

E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866

भाजपा राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नीमच मंदसौर जावरा संसदीय क्षेत्र सांसद सुधीर गुप्ता ने बांगरेड में कार्यकर्ता ओर पदाधिकारियों से चाय पर चर्चा की।



Commodity: Gold 60,950 Silver 74,470 Crude Oil 6,605 Natural Gas 174,70 Aluminium 206,85 Copper 759,40

## काम की खबर

### श्रीमती चौपड़ा के निर्देश पर- राशनकार्ड शाखा में आमजन हेतु पीने के पानी व बैठने हेतु कुर्सी की व्यवस्था होगी

**नीमच।** ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए नगरपालिका कार्यालय स्थित राशनकार्ड शाखा के बाहर आमजन के लिये पीने के पानी की व्यवस्था करने व नागरिकों के बैठने के लिये सीमेन्ट की कुर्सियाँ लगाने के निर्देश नगरपालिका परिषद्, नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा ने संबंधित अधिकारियों को दिये हैं।

नगरपालिका परिषद्, नीमच की अध्यक्ष श्रीमत चौपड़ा ने बताया कि देखने में आया है कि वहां उनके बैठने और पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। वर्तमान में मुख्यमंत्री लाली बहना योजना सहित शासन की अन्य योजनाओं व छात्र-छात्राओं को समग्र आईडी संबंधी कार्यों के लिये राशन कार्ड शाखा में बड़ी संख्या में आमजन पहुँच रहे है। वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु भी चल रही है। उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका परिषद्, नीमच के अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि राशन कार्ड शाखा के बाहर आमजन के लिये ठंडे पानी की व्यवस्था व बैठने के लिये सीमेन्ट की कुर्सियों की व्यवस्था अविलंब करें।


### एडीएम सुश्री मीना एवं सीईओ गुरूप्रसाद ने की जनसुनवा



**नीमच।** कलेक्टर कार्यालय नीमच में मंगलवार को एडीएम सुश्री नेहा मीना एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने जनसुनवाई करते हुए-57 लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में हुडको कालोनी नीमच के अनिल कुमार गुरवानी ने आयुष्मान कार्ड बनवाने, बासनिया की बादामबाई भील ने खाते भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, यादव कम्युनिटी सेन्टर समिति के चंदनसिंह हरित ने अपराधिक गतिविधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने, खजुरिया के आशीष मालवीय एवं छात्रगणों ने ज्ञानोदय कॉलेज में एडमिशन फिस बिना आधार के निरस्?त कर पुनन्फीस वसूली करने, आजाद कालोनी मूलचंद मार्ग के मोहम्मद नासिर कुरैशी ने कब?जे के मकान का पटटा दिलवाने, फुसरिया के बाबुलाल, लीलाधर एवं कमलेश ने तिलस?वा मार्ग पर मार्ग गतिरोधक निर्माण करवाने, एवं सिंगोली के दीपक कुमार तिवारी ने भूमि बंटाकन करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

इसी तरह ग्राम पंचायत फुसरिया के निवासीगण,बरूखेडा की पार्वती बाई, यादव मंण्डी के मनीष यादव, सांडिया के ईश्वर पुरोहित, जूनापानी की कमलाबाई, थडौली के बाबुलाल मीणा, बमोरा के चन्द्रशेखर, जयसिंहपुरा के गोपालसिह राजपूत एवं वैभव नगर नीमच की गरिमा भटट ने भी अपना आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत कर अपनी समस्याएं सुनाई।




## गौड़ ब्राह्मण समाज समिति की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**नीमच। गौड़ ब्राह्मण समाज समिति ( रजि. ) नीमच की बैठक बीते दिवस संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से समाज समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।**

गौड़ ब्राह्मण समाज समिति नीमच की नवीन कार्यकारिणी के संरक्षक मंडल में सुनील शर्मा (मालवा टुडे), भूपेंद्र गौड़ (स्वर्णिम हिंदुस्तान), अशोक जोशी, विश्वनाथ शर्मा (गोटे वाले), पंडित माल चंद शर्मा, राजेंद्र शर्मा (पहलवान), डॉ महेश शर्मा, सुरेश शर्मा, नंदकिशोर कुमानी, कैलाश शर्मा एवं अजय शास्त्री को शामिल किया गया। साथ ही समिति के अध्यक्ष पद पर गजेंद्र शर्मा (एडवोकेट), उपाध्यक्ष राजेश शर्मा (नाकेदार), राजेंद्र शर्मा, महासचिव प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी नारायण शर्मा, सचिव डॉ बालकृष्ण शर्मा, कोषाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, प्रचार सचिव एवं मीडिया प्रभारी श्रवण शर्मा (राज) को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।

इसी के साथ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सीताराम शर्मा, विमल शर्मा, नवल जोशी, रामानंद शर्मा, सतीश शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, दिनेश कुमानी, विष्णु कुमार शर्मा, राजेश शर्मा (खलीफा) को शामिल किया गया। आयोजित बैठक में गौड़ ब्राह्मण समाज एवं समिति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही आगामी गतिविधियों की रूपरेखा बनाने को लेकर चर्चा की गई। उपरोक्त जानकारी समिति के प्रचार सचिव एवं मीडिया प्रभारी श्रवण शर्मा (राज) ने दी।

# जिले में राजस्व संबंधी शिकायतों के निराकरण की अभिनव पहल, राजस्व सेवा अभियान

**नीमच।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले में राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष राजस्व सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले की सभी तहसीलों में प्रत्येक गुरुवार को राजस्व अधिकारी ,तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदारों द्वारा क्षेत्र के एक-एक गांव में विशेष राजस्व सेवा शिविर आयोजित किये जाकर राजस्व संबंधी आवेदनों, शिकायतों, सीमांकन ,नामांतरण बंटवारा ,राजस्व रिकार्ड में सुधार,भू अधिकार एवं ऋण पुस्तिका का वितरण रास्ते संबंधी विवाद का निराकरण ,सार्वजनिक मार्ग चरनोई भूमि ,शमशान भूमि मंदिर भूमि, सार्वजनिक स्थान आदि के अतिरिक्त नदी नालों पर से अतिक्रमण को रोकने एवं अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर स्थल का मौका मुआयना कर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने का कार्य किया जावेगा । साथ ही, राहत राशि और दुर्घटना संबंधी प्रकरणों के निराकरण, पानी बिजली, खाद्य, स्वास्थ्य, पेंशन आदि प्रमुख विभागों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त किए जाएंगे तथा शिविर में प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जावेगा।

संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रीति संघवी ने बताया कि, राजस्व सेवा अभियान 2023 के प्रथम चरण के तहत गुरुवार 20 अप्रैल 2023 को प्रात: 11॰00 बजे से शाम 4॰00 बजे तक कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच नगर तहसील के ग्राम कनावटी, जयसिंहपुरा ,नीमच ग्रामीण तहसील के ग्राम दारू जीरन तहसील के जीरन ,महुडिया, जावद तहसील के ग्राम गुर्जरखेड़ी सांखला, ग्राम उपरेड़ा मनासा तहसील के ग्राम मोखमपुरा, टप्पा कुकड़ेश्वर के ग्राम कंजार्डा ,सिंगोली तहसील के ग्राम थड़ोद, ग्राम शहना तलाई एवं टप्पा रतनगढ़ के ग्राम बोरदिया में 20 अप्रैल को प्रात: 11॰00 बजे से विशेष राजस्व सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ।

इन शिविरों में संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, प्रभारी तहसीलदार राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित होकर ग्रामीणों की राजस्व से संबंधित विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करेंगे। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ग्रामीणों से राजस्व सेवा अभियान के तहत आयोजित इन विशेष राजस्व सेवा शिविरों में उपस्थित होकर अपनी राजस्व संबंधी समस्याओं शिकायतों का निराकरण करवाने का आग्रह किया है। संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रीति संघवी ने सभी तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, प्रभारी तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि, वे राजस्व सेवा शिविर की तिथियों का कोटवारों के माध्यम से मुनादी करवाकर , पटवारियों के माध्यम से राजस्व सेवा शिविर की तिथियों का संबंधित गांवों में व्यापक प्रचार प्रसार करें और अधिकाधिक ग्रामीणों को इन शिविरों का लाभ उठाने हेतु प्रेरित करें।

उल्लेखनीय है कि, राजस्व सेवा अभियान के तहत प्रथम दिवस 13 अप्रैल को जिले के 14 गांवों में विशेष राजस्व सेवा शिविर आयोजित किये जा चुकें है । 20 अप्रैल गुरूवार को 13 गांवों में शिविर आयोजित किये जा रहें है ।

## शिक्षा दिलाओ-देश बचाओ का संदेश दिया, जिला चिकित्सालय के सामने किया नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन



**नीमच।** शिक्षा दिलाओ देश बचाओ के संदेश को लेकर ऑल इंडिया पीपुल साइंस नेटवर्क संस्था भोपाल ने पूरे देश में अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत संस्था के सदस्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में पहुंचकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षा दिलाओ देश बचाओ और अपने बच्चों को शिक्षित बनाओ के संदेश को फैला रहे हैं। भोपाल से आए कला जत्थे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नाटक की प्रस्तुति दी है। जिसमें सोमवार सुबह कला जत्था के सदस्यों ने जावद में और दोपहर जिला चिकित्सालय के सामने नाटक की प्रस्तुति दी। वहीं, शाम 4.30 बजे टॉकीज चौराहा, शाम 5.30 बजे होली चौक बगाना और शाम 6.30 नीमच सिटी यादव मंडी में भी प्रस्तुति दी जाएगी। कला जत्थे के सदस्य प्रमोद मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इंडिया पीपुल साइंस नेटवर्क संस्था के सदस्यों ने शिक्षा दिलाओ देश बचाओ का संदेश लेकर भोपाल से अभियान चलाया गया है। यह अभियान भोपाल के बाद होशंगाबाद, देवास, हरदा, धार, इंदौर, झाबुआ होते हुए सोमवार को नीमच पहुंचा है। हमारा एक ही संदेश है कि एक तरफ सरकार सीएम राइस और पीएम राइस विद्यालय खोल रही है। दूसरी ओर, दूरदराज के स्कूलों को क्लोजर और मर्जर के नाम पर बंद किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में कई स्कूल बंद हो चुके हैं, जो स्कूल बंद हो चुके हैं। उन स्कूलों के बच्चे शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं, और उनका भविष्य अंधकार में है। हम देशभर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यही बात फैलाना चाहते हैं कि हमारे बच्चों को हम कैसे शिक्षा दे सके उनकी शिक्षा कैसे पूरी की जा सके जो बच्चे शाला नहीं जा रहे हैं शाला त्यागी है उन्हें शाला से कैसे जोड़ा जाए।

इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर पूरे देश भर में अभियान चलाया जा रहा है।

## सेन जयंती महोत्सव-वाहन रैली में गूंजे जयकारे, प्रतिमा का किया अनावरण

**नीमच।** सेन जयंती उत्सव समिति व जिला सेन समाज संगठन एवं युवा संगठन नीमच के तत्वावधान में 17 अप्रैल सोमवार को अपने आराध्य देव सेन जी महाराज के 723वें जन्मोत्सव के अवसर पर नारायणी धाम मंदिर स्कीम नंबर 9 से विशाल वाहन रैली निकाली गई। यह वाहन रैली तिलक मार्ग, घंटाघर, नया बाजार,बारादरी, फव्वारा चौक, कमल चौक, भारत माता चौराहा, विजय टॉकीज चौराहा, गुरुद्वारा चौराहा, सेन सर्कल, एलआईसी मार्ग, अंबेडकर मार्ग, टीवीएस शोरूम चौराहा होते हुए स्कीम नंबर 36 स्थित सेन वाटिका पहुंची जहां सेन जी महाराज की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। वाहन रैली में सबसे आगे डीजे पर सेन जी महाराज की तस्वीर लगी हुई थी उसके पीछे युवा व पुरुष हाथों में भगवा ध्वज लिए सफेद पोशाक में दो पहिया वाहनों के साथ सम्मिलित थे। मूर्ति अनावरण के पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति सह भोज के साथ की गई।



723वें जन्मोत्सव के अवसर पर नारायणी धाम मंदिर स्कीम नंबर 9 से विशाल वाहन रैली निकाली गई।

### सभी जिला अधिकारी सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का निराकरण करी रैंक में सुधार लाये

**नीमच।** कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाईन एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा 18 अप्रैल 2023 जिले के सभी विभागीय अधिकारी सीएम हेल्पलाईन में दर्ज अपने विभाग की शिकायतों को पूरी गंभीरता से लें। शिकायतों का निराकरण संतुष्टी के साथ करवाकर अपने विभाग की रैंक में तीन दिन में सुधार लाये। साथ ही प्रति सप्ताह जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का भी तत्परतापूर्वक निराकरण कर की गई कार्यवाही से संबंधित को अवगत कराये। यह निर्देश कलेक्टर दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाईन व जनसुनवाई में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा करते हुए दिए।

## श्री परशुराम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा का होगा आयोजन



**नीमच।** अखिल भारतीय परशुराम सेना जिला नीमच की बैठक रविवार को गांधीवाटिका में हुई। बैठक में परशुराम सेना मातृशक्ति ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे। बैठक में पंचवटी कालोनी स्थिति परशुरामधाम में स्थापित राजराजेश्वर भगवान परशुरामजी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 20,21 एवं 22 अप्रैल तीन दिवीसय कार्यक्रम पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। 22 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं रैली के कार्यक्रम तय किए गए। जिला परशुराम सेना संयोजक जयप्रकाश पुरोहित, उमेश शर्मा सहित महिला शक्ति अध्यक्ष श्रीमती संगीता शर्मा ने कार्यक्रम की रुपरेखा के साथ समस्त कार्यक्रम की जानकारी प्रस्तुत की।

# दो दिवसीय श्री परशुराम जन्म महोत्सव का विशाल शोभायात्रा के साथ समापन

निम्बाहेड़ा। संगठित ब्रह्म निम्बाहेड़ा के तत्वावधान भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का रविवार को विशाल शोभायात्रा के साथ समापन हुआ। आरंभ में रविवार को प्रात: आदर्श कॉलोनी स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर पूर्ण मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ किया गया, जिसमें राधेश्याम जोशी ने सपत्नीक भाग लेकर पूर्णाहुति दी। ततपश्चात मंदिर प्रांगण से सुशोभित बग्गी में हजारों धर्म प्रेमी बंधुओं की उपस्थिति में भगवान श्री परशुराम की आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया।

**शोभायात्रा के दौरान मार्ग में माहेश्वरी यूथ सोसायटी, रामस्वरूप हलवाई एवं हेमंत आमेटा की ओर से विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का अभिनंदन कर अलग अलग पेय पिलाया गया। आदर्श कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन पर पहुंच कर आरती के बाद शोभायात्रा सेपन्न हुई, जहां महाप्रसादी के पश्चात दो दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन हुआ।**

**शोभायात्रा के दौरान युवाओं के साथ ही स्त्री पुरुष ढोल की थाप पर उत्साह के साथ थिरकते हुए चल रहे थे। इस दौरान महिलाओं ने भी उत्साह के साथ शोभायात्रा में कई स्थानों पर दंड, तलवार और व्यायाम का प्रदर्शन किया गया, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से आये समाजजनों ने अद्भूत गैर कौशल का प्रदर्शन किया।**



शोभायात्रा में दिखा उत्साह, जमकर थिरके युवा, महिला और पुरुष





श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से आरम्भ हुई श्री परशुराम भगवान की शोभायात्रा में महिलाओं ने लाल चूंदड़ पहन रखी थी, तो पुरुष ने सफेद कुर्ता पायजामा और केसरिया उपरना धारण कर रखा था। नगर के स्वामी विवेकानंद सर्कल, पंचौली चौराहा, चंदन चौक, श्री परशुराम सर्कल, शेखावत सर्कल होते हुए श्री राजेन्द्र सूरी ज्ञान मंदिर के सामने से होकर सामुदायिक भवन पहुंची, जहाँ विप्र फाउंडेशन के राष्टीय सचिव प्रमोद पालीवाल (मिराज ग्रुप) के मुख्य आतिथ्य, प्रदेशाध्यक्ष केके शर्मा की अध्यक्षता एवं शिरीष त्रिपाठी, युवा जिलाध्यक्ष विकास शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में आरती की गई। इससे पूर्व अतिथियों का शोभायात्रा नितिन चतुर्वेदी के नेतृत्व में संयोजक कैलाश आचार्य, सह संयोजक अशोक शर्मा, योगेश कुर्कीया, तुलसीदास सनाढ्य, विप्र फाउंडेशन अध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला संगठन सचिव कैलाश भारद्वाज, सह सचिव नंदकिशोर ओझा, जानकीलाल जोशी, तहसील अध्यक्ष मधुसूदन पालीवाल, महामंत्री प्रकाश शर्मा, सत्यप्रकाश मेनारिया, नगर मंत्री ओमप्रकाश गुनाडिया, नरेश आमेटा के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

## यातायात विभाग ने की कार्यवाही, तीन सवारी, बिना हेलमेट, व काली फिल्मो के काटे चालान



**नीमच।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी के निर्देश व यातायात थाना प्रभारी मोहन भरावत के नेतृत्व में शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने एवं नियमित यातायात पालन को लेकर चालानी कार्रवाई की जा रही है सोमवार को यातायात विभाग द्वारा तीन सवारी बिना हेलमेट ओर काली फिल्म पर चालानी कार्रवाई करते हुए लगभग 7 चालान काटे गए और 2100 रु शमन शुल्क वसूला गया। ज्ञात हो कि एसपी अमित कुमार तोलानी ने पदभार ग्रहण के दौरान हैं शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने व नियमो के पालन को लेकर कार्य करने की बात कही थी।जिसके बाद विभाग द्वारा निरंतर आमजन को यातायात नियमों का पालन करने को लेकर समझाइश व नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है।

### जिले में एक जुलाई से प्रारभ होगा विशेष टीकाकरण महाअभियान

**नीमच।** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.एम.एल.मालवीय ने बताया, कि नीमच जिले में 30 जून को कोई टीकाकरण सत्र आयोजित नहीं किये जायेंगे। जिले में एक से 3 जुलाई 2021 तक विशेष टीकाकरण महा अभियान आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत बड़ी संख्या में आमजनों को वेक्सीन लगाई जायेगी।

एक जुलाई 2021 को केवल कोविशील्ड वेक्सीन के सत्र आयोजित होंगे और 2 जुलाई शुक्रवार को नियमित टीकाकरण होने से कोविड टीकाकरण के सत्र आयोजित नहीं किये जायेंगे। 3 जुलाई 2021 को केवल कोवेक्सिन के सत्र आयोजन होंगे। अत: आमजन एक जुलाई 2021 से वेक्सीन सेंटर पर वेक्सीन लगवाने आये और असुविधा से बचें।

## धरने पर बैठे पीड़ित परिवार का धरना हुआ समाप्त, डॉ. तिवारी व पीड़ित के बीच हुआ राजीनामा



**नीमच।** 7 दिन से लगातार धरना देकर बैठे पीड़ित परिवार का आज नीमच केंट थाने में समाज के वरिष्ठ व चौधरी नर्सिंग होम के एलबीएस चौधरी व अन्य डॉक्टरों के समक्ष महेश जेरिया व डॉक्टर अभिषेक तिवारी के सुल्जार हो गया। दरहसल मामला डेड़ महीने पूर्व चौधरी नर्सिंग होम में हार्ट अटैक के मरीज महेश जेरिया का इलाज चल रहा था। जिसमे आयुष्मान कार्ड को लेकर हंगामा हो गया था। जिसके बाद पीड़ित महेश जेरिया व उसके परिजनों द्वारा डॉक्टर अभिषेक तिवारी के ऊपर कार्यवाही की मांग को लेकर एसपी कार्यालय के बाहर धरना दिया जा रहा था। 7 दिन लगातार धरने के बाद महेश जेरिया व डॉक्टर अभिषेक तिवारी के बीच प्रशासनिक अधिकारियों, समाज के वरिष्ठ व एमआईए के सदस्यों के समक्ष समझाइक के बाद विवाद का समापन हो गया। नीमच केंट थाने में एसडीएम ममता खेड़े की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हो गया।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# बुढ़ापे में रहना है स्वस्थ्य, तो डाइट में शामिल करें ये 5 फूड्स

## बुढ़ापा एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे कोई नहीं रोक सकता

कुछ लोग बुढ़ापे को खुशी-खुशी अपनाते है तो कुछ परेशान हो जाते है।



**Senior** Dietary Habits

**बुढ़ापा एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे कोई नहीं रोक सकता। कुछ लोग इसे दिल खोलकर और खुशी-खुशी अपनाते हैं, तो वहीं कुछ लोग इससे परेशान हो जाते हैं। लेकिन इसका सामना हर किसी को करना ही पड़ता है। इसलिए बेहतर है कि बढ़ती उम्र के दौरान इसे सावधानी और खुशी के साथ अपना लेना चाहिए और अपना विशेष रूप से ख्याल रखना चाहिए। इस दौरान हमारे शरीर कई तरह के बदलाव होते हैं, जिसे देखते हुए हमें आहार की जरूरतों जीवनशैली में भी बदलाव करना चाहिए।**

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर अपनी तंदुरूस्ती और शक्ति को खोता चला जाता है। ऐसे में उम्र से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने के लिए स्वस्थ आहार बनाए रखना महत्वपूर्ण हो जाता है। चलिए जानते हैं वरिष्ठ लोगों से संबंधित आहार के बारे में, जिसे उन्हें अपनाना चाहिए। ऐसे वृद्ध वयस्क ज पहले से किसी गंभीर बीमारी, जैसे हृदय रोग और कैंसर या फिर मांसपेशियों और हड्डियों की समस्या से जूझ रहे हैं उनमें परिवर्तन से संबंधित स्वास्थ्य स्थितियों का अधिक खतरा होता है। लेकिन पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ खाकर और सक्रिय जीवनशैली बनाए रखकर इनमें से कई जोखिमों को कम भी किया जा सकता है।

## बुजुर्गों के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल टिप्स

**1. कैल्शियम युक्त भोजन करें:** कम फैट वाले डेयरी उत्पाद जैसे टोंड दूध और पत्तेदार सब्जियां का सेवन करें, क्योंकि इनमें कैल्शियम समृद्ध मात्रा में होता है।

**2. अनसैचुरेटेड फैट वाले डाइट लें:** सैचुरेटेड फैट को कम करें और तले हुए भोजन, हाई फैट वाले डेयरी और मांस को कम करें। इसके बजाय एवोकैडो, मछली और वनस्पति तेलों जैसे अनसैचुरेटेड फैट वाले फूड्स का सेवन करें।

**3. फाइबर युक्त फूड्स का सेवन करें:** उच्च फाइबर वाले फूड्स, जो पोषण से भरपूर होते हैं उनके सेवन से कब्ज में राहत मिल सकती है। ये फूड्स आपके शरीर में विटामिन, खनिज और पोषक तत्वों की आपूर्ति कर सकते हैं, जिनकी आपके शरीर को आवश्यकता होती है। कच्चे फल, सब्जियां और साबुत अनाज आहार में फाइबर के समृद्ध स्रोत होते हैं।

**4. लीन प्रोटीन:** हाई प्रोटीन कम फैट वाले खाद्य पदार्थ मांसपेशियों के निर्माण और संभावित वजन घटाने के लिए अच्छे हो सकते हैं। अच्छी सेहत और संतुलित पोषण के लिए अलग-अलग तरह के प्लांट और मीट को चुनें, जैसे सफेद मांस वाली मछली, अंडे का सफेद भाग और बीन्स।

**5. पानी और हेल्दी ड्रिंक:** पानी पीने से डिहाइड्रेशन को रोका जा सकता है, जिससे दिमाग को हेल्दी रखने में भी मदद कर सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप मूड में बदलाव हो सकता है और शरीर के तापमान को बनाए रखने में मदद मिल सकता है। इससे कब्ज और गुर्दे की पथरी को रोका जा सकता हैए। इसके अलावा कम फैट वाले दूध, शुगर फ्री ड्रिंक्स या 100त्न शुद्ध फल या सब्जियों के रस का सेवन करने से कैल्शियम, पोटेशियम और विटामिन डी जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व की आपूर्ति हो सकती है।

---

करी पेाा सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह पेट संबंधी समस्या के साथ वजन घटाने में भी कारगर साबित हो सकता है। तो आइए जानते हैं करी पेाा सेहत के लिए कैसे फायदेमंद है।

# आंखों की रोशनी बढ़ाने के साथ वजन कम करने तक, जानिए करी पते के जबरदस्त फायदे

करी पेाा मेमोरी बूस्टर का भी काम करता है। इसके सेवन से याददाश्त में सुधार हो सकता है।



**करी पत्ता में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। यह खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद है। इसमें कैल्शियम, आयरन, फॉस्फोरस, विटामिन-सी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो शरीर को कई बीमारियों से बचाते हैं। इसका इस्तेमाल आयुर्वेदिक दवाओं में भी किया जाता है। तो आइए जानते हैं, करी पत्ता सेहत के लिए कैसे फायदेमंद है।**

## पाचन संबंधी समस्या के लिए

अगर आप पेट संबधी समस्या कब्ज, दस्त आदि से परेशान हैं, तो करी पत्ता बेहद कारगर साबित हो सकता है। यह पेट की बीमारियों को ठीक करने के साथ मेटाबॉलिज्म में सुधार करने में मदद करता है। पाचन शक्ति बढ़ाने के लिए सूखे हुए करी पत्तों को एक गिलास छाछ या दही में मिलाकर सेवन कर सकते हैं या आप खाली पेट कुछ ताजी पत्तियों को भी चबा सकते हैं।

## वजन कम करने में मददगार

बेशक आप करी पत्ते का उपयोग वजन कम करने के लिए कर सकते हैं। इसमें मौजूद कार्बाजोल अल्कलॉइड नामक तत्व शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मददगार है, साथ ही यह वजन घटाने में भी सहायक है। वेट लॉस जर्नी में आप सुबह सूखे हुए करी पत्ते या ताजे पत्ते भी खा सकते हैं। आप इसे सलाद में भी शामिल कर सकते हैं।

## आंखों के लिए फायदेमंद

करी पत्ता में विटामिन-ए भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह आंखो की रोशनी बढ़ाने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। करी पत्ते के सेवन से मोतियाबिंद की समस्या को भी रोक सकते हैं।

## मुंह के छालों को दूर करने में कारगर

अगर आप मुंह के छालों से परेशान हैं, तो करी पत्ते का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप करी पत्ते से काढ़ा बना लें और गरारा करें। इससे आप छाले की समस्या से राहत पा सकते हैं।

---

## सेहत समाचार



गर्भावस्था के दौरान महिलाओं का शरीर और मन दोनों ही अत्यंत संवेदनशील हो जाता है। इस दौरान हर छोटी से छोटी चीज का ख्याल रखना आवश्यक होता है। चलिए जानते हैं इस दौरान नींबू के रस के सेवन के बारे में।

# गर्भावस्था के दौरान नींबू का रस हो सकता है फायदेमंद, लेकिन इन बातों का रखें ध्यान

## गर्भवती महिला के लिए नींबू का रस

नियमित रूप से सेवन करने पर नींबू के रस के कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं। इसे असर स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है और इससे गर्भवती महिलाओं को कोई खतरा नहीं होता है। लेकिन हर महिला अलग होती है, उसके शरीर की बनावट और गर्भावस्था का अनुभव भी अलग होता है। इसलिए सेवन करने से पहले डॉटर से सलाह लेना ज़रूरी है। इसके अलावा, नींबू के रस के अधिक सेवन से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकता है।



नियमित रूप से सेवन करने पर नींबू के रस के कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं। इसे असर स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है और इससे गर्भवती महिलाओं को कोई खतरा नहीं होता है। लेकिन हर महिला अलग होती है, उसके शरीर की बनावट और गर्भावस्था का अनुभव भी अलग होता है। इसलिए सेवन करने से पहले डॉटर से सलाह लेना ज़रूरी है। इसके अलावा, नींबू के रस के अधिक सेवन से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकता है।

## गर्भावस्था के दौरान नींबू के रस के फायदे

नींबू विटामिन सी से भरपूर होता है। एक ऐसा महत्वपूर्ण विटामिन जो प्रतिरक्षा क्षमता को बढ़ाता है। गर्भावस्था के दौरान नींबू का रस पीने से आपको और आपके बच्चे दोनों को लाभ हो सकते हैं। नींबू के रस का सेवन करने से इसमें मदद मिल सकती है। कुछ अध्ययनों से पता चला है कि गर्भावस्था के दौरान मतली और उल्टी से राहत के लिए नींबू एक प्लेसबो की तुलना में अधिक प्रभावी होता है। डॉटर आमतौर पर सलाह देते हैं कि गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को दूसरी तिमाही के दौरान अपने दैनिक सेवन में 300 कैलोरी की वृद्धि करनी चाहिए। अगर नींबू का स्वाद पसंद है, तो इसके शरबत का सेवन करने से हाइड्रेटेड रहने में मदद मिल सकती है।

नींबू में फोलेट होता है। एक औसत आकार के नींबू में कैलोरी कम होती है और इसमें लगभग 6.38 माइक्रोग्राम (एमसीजी) फोलेट होता है। गर्भावस्था के दौरान, महिलाओं को अधिक फोलेट की आवश्यकता होती है क्योंकि यह बढ़ते भ्रूण में नर्वस सिस्टम के विकास के लिए एक आवश्यक पोषक तत्व देता है। महिलाओं को केवल फोलेट के लिए नींबू पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। कई लोगों को नींबू का स्वाद पसंद नहीं आता। ऐसे में पालक, एवोकाडो जैसी चीजों से फोलेट की कमी पूरी की जा सकती है।

जो लोग बहुत अधिक खट्टे फलों का सेवन करते हैं, उनके दांतों के खराब होने का खतरा होता है। इसके अलावा, गर्भावस्था महिलाओं को दांतों की समस्याओं, जैसे कि पेरियोडोंटल बीमारी और गुहाओं के प्रति अधिक संवेदनशील बना सकती है।

नींबू एक खट्टा फल है और नींबू के रस का ज्यादा सेवन करने से एसिडिटी और सीने में जलन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यह आपकी गर्भावस्था के बाद के चरण में पेट में दर्द, दस्त या अपच जैसे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल जैसी समस्याओं को भी जन्म दे सकता है। जैसे ही आप बेचैनी महसूस करें, नींबू का रस पीना बंद कर दें। अगर यह लक्षण कम नहीं होते हैं, तो इसके बारे में अपने डॉक्टर से बात करें।

---



# गर्मियों में गर्दन का कालापन दूर करने के उपाय


अक्सर स्किन केयर रूटीन में हम चेहरे का, तो खास ख्याल रखते हैं लेकिन गर्दन पर उतना ध्यान नहीं दें पाता। ऐसे में गर्दन पर कालापन काफी जमा हो जाता है। वहीं अगर बात गर्मियों की जाएं, तो ज्यादातर धूप में रहने की वजह से भी गर्दन का रंग काला पड़ जाता है। चेहरे और गर्दन का असमान रंगत होने के कारण कई बार इस कारण आत्मविश्वास भी कमजोर होता है और ये देखने में भी खराब लगती है। कई लोग इस समस्या को दूर करने के लिए ऐसे कपड़ों को चुनाव करने लगते हैं, जिसमें गर्दन कम दिखाई दें। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे आयुर्वेदिक उपायों के बारे में बताएंगे। जिन्हे करने से गर्दन साफ होने के साथ उसकी रंगत में भी निखार आएगा। आइए जानते हैं गर्मियों में गर्दन का कालापन दूर करने के लिए क्या करें?

## गर्मियों में गर्दन के कालेपन को दूर करने के लिए इन आयुर्वेदिक उपायों की मदद ली जा सकती हैं। लेकिन ध्यान रखें इनको गर्दन पर लगाने से पहले पैच टेस्ट अवश्य करें।




खीरा और दूध

खीरा और दूध की मदद से गर्दन के कालेपन को आसानी से दूर किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए खीरे को कद्दूकस करें और उसमें 1 चम्मच दूध मिलाकर इस पेस्ट को गर्दन पर 5 से 10 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद गर्दन को नॉर्मल पानी से वॉश करें। ऐसा करने से कुछ दिनों में ही फर्क दिखेना लगेगा।




हल्दी / बेसन

हल्दी और बेसन में ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो कालेपन को दूर करके स्किन को मुलायम बनाता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच बेसन 1 चुटकी हल्दी और 1 चम्मच दही को लेकर पेस्ट बनाएं। ये पेस्ट गर्दन पर 10 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद नॉर्मल पानी से वॉश करें। इस तरह से गर्दन साफ करने से त्वचा साफ होती है।




दूध

दूध शरीर के साथ स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। ये स्किन को पोषण देकर असमान रंगत को दूर करता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए दूध को कॉटन की मदद से गर्दन पर लगाएं। 15 मिनट के बाद गर्दन को धोएं। दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड गर्दन के कालेपन को आसानी से दूर करेगा।



दही

दही और हल्दी की मदद से भी गर्मियों में होने वाली गर्दन की टैनिंग को आसानी से दूर किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 2 चम्मच दही में 1 चुटकी हल्दी मलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को गर्दन पर 10 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद गर्दन को धो लें। टैनिंग के साथ त्वचा सॉफ्ट भी बनेगी।



आलू का रस

आलू का रस शरीर की कई समस्याओं को आसानी से दूर करता हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए 3 चम्मच आलू के रस में 1 चम्मच नींबू के रस को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को गर्दन पर 5 से 10 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद गर्दन को नॉर्मल पानी से वॉश करें। ऐसा करने से गर्दन साफ होने के साथ त्वचा मुलायम भी बनेगी।

# बच्चों की परवरिश पर बोलीं जीनत अमान, 'सिर्फ प्यार दीजिए, अपेक्षाएं मत कीजिए'

'मेरी प्राथमिकता मेरे बच्चे हो गये थे'

**अपने अनुभव साझा करते हुए जीनत लिखती हैं- जब मेरे बच्चों का जन्म हुआ था, वो मेरी इकलौती प्राथमिकता बन गये थे। दो लड़कों की अकेली मां के तौर पर, मैं अपने बच्चों के लिए ज्यादा जिम्मेदार महसूस करती थी। किसी दूसरी चीज से ज्यादा में उन्हें सुरक्षा देना चाहती थी और उन्हें इस तरह बड़ा करना चाहती थी कि वो दयालु और मोहेबत करने वाले इंसान बनें।**



सत्तर और अस्सी के दशक की ग्लैमरस अभिनेत्रियों में शामिल जीनत अमान इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और अपने फैंस के साथ लगातार संवाद कर रही हैं। जीनत अपनी यादों की एल्बम से पुरानी तस्वीरें शेयर करती हैं और उनके साथ कुछ किस्से भी बताती हैं। कभी-कभी वो अपनी पोस्ट के जरिए मोटिवेशनल बातें करती हैं। ऐसी ही एक तस्वीर जीनत ने सोमवार को पोस्ट की। इस सालों पुरानी तस्वीर में उनकी गोद में दोनों बेटे जहान और अजान नजर आ रहे हैं। इसके साथ जीनत ने लम्बा-सा नोट लिखकर पैरेंटिंग के लिए कुछ टिप्स दी हैं। पोस्ट में उन्होंने बताया कि दुनिया में ऐसी कोई गाइडबुक नहीं है, जो आपको पैरेंटहुड की तैयारियों के बारे में बता सके।


जीनत आगे लिखती हैं कि उन्हें ऐसे लोगों पर बहुत गुस्सा आता है, जो अपने बच्चों को सेक्सुअल ओरिएंटेशन, पार्टनर की च्वाइस या उनकी पसंद के पेशे के आधार पर ठुकरा देते हैं। हमें अपने बच्चों को एक अलग शख्सियत के तौर पर देखना चाहिए और उनकी मदद करनी चाहिए। जीनत आगे बताती हैं कि मेरे दोनों लड़के अब तीस की अवस्था में हैं और अब ऐसा लगता है कि मैं इससे पहले सांस ले पाती, उनका बचपन फुर्र हो गया। इसलिए, नये माता-पिताओं को मैं कुछ ज्ञान दे रही हूं कि अपने बच्चों के साथ हर एक पल का आनंद लीजिए और छोटी-छोटी बातों के लिए खुद पर जुल्म मत कीजिए। कोई प्लेट टूट गयी, किसी टीचर ने नोट लिख दिया... इन सबसे दुनिया खत्म नहीं होती। हम अपने बच्चों से परफेक्शन की उम्मीद नहीं करते, बल्कि उन्हें प्यार, सहारा और गाइडेंस देते हैं।

इस तस्वीर के बारे में जीनत ने बताया कि यह 1990 में ली गयी थी, जब जहान एक साल का भी नहीं हुआ था और अजान तीन साल का था। यह फोटो इंडस्ट्री से लीजेंड्री फोटोग्राफ गौतम राजाध्यक्ष ने खींची थी। जगह थी- बांद्रा स्थित होटल सीरॉक, जो अब खत्म हो चुका है।

## किसी का भाई किसी की जान. . . सलमान खान

# सलमान खान की फिल्म के ट्रेलर में सितारों की भीड़, 'किसी का डेब्यू, किसी का कमबैक'

**लेबे इंतजार के बाद आखिरकार सोमवार की शाम सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान का ट्रेलर मुंबई में हुए एक इवेंट में रिलीज कर दिया गया। अगर राधे के सिनेमाघरों में सीमित रिलीज को छोड़ दें तो सलमान खान ईद पर पूरे चार साल बाद लौट रहे हैं। ईद के मौके पर रिलीज होने वाली सलमान की आखिरी फिल्म भारत है, जो 2019 में आयी थी। 21 अप्रैल को रिलीज हो रही किसी का भाई किसी की जान का निर्देशन फरहाद सामजी ने किया है।**



**मसाला एक्शन एंटरटेनर फिल्म में सलमान खान के साथ कई नामी-गिरामी कलाकार कैमियो या फिर प्रमुख किरदारों में नजर आ रहे हैं इसकी स्टार कास्ट को देखकर लगता है कि किसी का भाई किसी की जान को सलमान सही मायनों में पैन इंडिया फिल्म बनाने की कोशिश की है। चलिए, आपको बताते हैं कि किसी का भाई किसी की जान के ट्रेलर की स्टार कास्ट में कौन-कौन कलाकार शामिल है और किस इंडस्ट्री से उनका ताल्लुक है।**

पूजा फीमेल लीड हैं और सलमान के साथ उनकी यह पहली फिल्म है। तमिल-तेलुगु फिल्म की चर्चित अभिनेत्री पूजा ने ऋतिक रोशन के साथ मोहजो-दाड़ो फिल्म से हिंदी डेब्यू किया था। इससे पहले पूजा रणवीर सिंह के साथ सर्कस में नजर आयी थीं।

तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कलाकार वेंकटेश किसी का भाई किसी की जान में पूजा हेगड़े के भाई बने हैं। उन्होंने 1993 में आयी हिंदी फिल्म अनाड़ी से हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनकी हीरोइन करिश्मा कपूर थीं। 1995 में आयी तकदीरवाला में उन्होंने रवीना टंडन के साथ काम किया। वेंकटेश इस फिल्म से 28 साल बाद हिंदी सिनेमा में लौटे हैं। वेंकटेश की नेटफ्लिक्स पर आयी सीरीज राणा नायडू हिंदी में भी स्ट्रीम की गयी है।

## Buisness

## Godrej Properties

# आसमानी हुए गोदरेज प्रॉपर्टीज के शेयर, 9 फीसद का उछाल; निवेशकों को मिल रहा तगड़ा रिटर्न

**'अपने रिकॉर्ड सेल बुकिंग की खबर के बाद रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज के शेयरों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। बीएसई पर इसका स्टॉक 9.06 प्रतिशत उछलकर 1,227.25 रुपये पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 9.81 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,235.70 रुपये पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई पर यह 8.63 प्रतिशत चढ़कर 1,222.55 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।**



गोदरेज प्रॉपर्टीज के शेयरों में जबरदस्त उछाल देखने को मिली। सोमवार को कारोबार के बंद होने तक इसके शेयरों में करीब 9 फीसद की बढ़त देखने को मिली। वहीं कुछ दिन पहले कंपनी ने रिकॉर्ड सेल बुकिंग भी हासिल की थी।

कंपनी के मुताबिक, आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के कारण पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की सेल बुकिंग 56 प्रतिशत बढ़कर 12,232 करोड़ रुपये पर आ गई, जो अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है। वहीं, चौथी तिमाही में भी इसी तरह के आंकड़े देखने को मिले। चौथी तिमाही में कंपनी ने 4,051 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की। 2021-22 में इसकी बिक्री बुकिंग 7,861 करोड़ रुपये रही।गोदरेज प्रॉपर्टीज के कार्यकारी अध्यक्ष पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि जिस कारण से हम स्नङ्घ23 में मजबूत विकास देने में सक्षम थे, वह यह है कि हमारे पास देश भर में परियोजनाओं का एक मजबूत पोर्टफोलियो था।

फाइलिंग के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में बिक्री की मात्रा 40 प्रतिशत बढ़कर 15.21 मिलियन वर्ग फीट हो गई, जो पिछले वर्ष 10.84 मिलियन वर्ग फीट थी। वहीं, नकद संग्रह 41 प्रतिशत बढ़कर 8,991 करोड़ रुपये हो गया। चौथी तिमाही में, संग्रह 3,822 करोड़ रुपये रहा, जो साल-दर-साल 52 प्रतिशत की वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है।

वित्तीय वर्ष 2023 में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने लगभग 29 मिलियन वर्ग फुट के अनुमानित बिक्री योग्य क्षेत्र और 32,000 करोड़ रुपये के अनुमानित बुकिंग मूल्य के साथ 18 परियोजनाएं जोड़ीं, जिसमें चौथी तिमाही में 5,750 करोड़ रुपये के अपेक्षित बुकिंग मूल्य वाली पांच नई परियोजनाएं शामिल थीं।




# चिलचिलाती धूप से राहत दिलाएगी चॉकलेट लस्सी, इस आसान विधि से करें तैयार



**भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से राहत राहत पाने के लिए लोग कई तरह के उपाय अपना रहे हैं। अगर आप भी इस मौसम में कुछ हेल्दी ढूंढ रहे हैं, तो चॉकलेट लस्सी एक बढ़िया विकल्प साबित होगी। इसे आप इस आसान विधि से बना सकते हैं।**

### सामग्री

1 चम्मच चॉकलेट फ्लेवर सिरप
1 कप बर्फ के टुकड़े
200 ग्राम ठंडा गाढ़ा दही
एक चुटकी नमक
8 -9 भुने हुए बादाम
2 बड़े चम्मच पानी

### विधि

सबसे पहले बर्फ और दही को सीधे ब्लेंडर में डालें।
अब इसमें एक चुटकी नमक डालें।
इसके बाद ऊपर से चॉकलेट फ्लेवर सिरप मिलाएं।
अब कुछ कटे हुए बादाम डालें और सभी को अच्छी तरह से ब्लेंड कर लें।
लस्सी का गाढ़ापन मन मुताबिक करने के लिए जरूरत के हिसाब से पानी मिलाएं।
अब एक ग्लास में लस्सी डालें और बादाम से इसे गार्निश करें।
अंत में इसे ठंडा-ठंडा सर्व करें।






Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

## जीरन में आयोजित शिविर में 182 रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया, 46 मरीजों में पाया गया मोतियाबिंद, गोमाबाई में होगा निःशुल्क ऑपरेशन




**जीरन।** गोमाबाई नेत्रालय नीमच के तत्वावधान में गरु एक्सप्रेस परिवार एवं जीरन के पत्रकारों की ओर से जिला अंधत्व निवारण समिति नीमच के आर्थिक सहयोग से शासकीय चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जीरन पर विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 182 मरीजों के पंजीयन कर नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह परिहार, भाजपा दक्षिण मण्डल अध्यक्ष मधुसूदन राजोरा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह भाटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनोद दक, नगर भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र मुकाती, भाजपा दक्षिण मण्डल महामंत्री किशन अहिरवार एवं शुभम शर्मा गोमाबाई नेत्रालय से चिकित्सक शस्मिता संघई मुख्य रूप से मंचासीन थे। शिविर संयोजक राजेश लक्षकार ने सभी अथितियों का स्वागत किया गया। शिविर में 182 मरीजो का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमे से 46 मरीजो को मोतियाबिंद पाया गया। मोतियाबिंद के इन मरीजों का गोमाबाई नेत्र चिकित्सालय में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शेष 136 मरीजो को दवाई लिखी और आँखों नम्बर की जाँच कर उचित मार्गदर्शन दिया।

शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन के साथ ही सभी नेत्र रोगियों की नजर, चश्मे, काला पानी, मोतियाबिंद, नासूर, पर्दे की बीमारी आदि की जांच निःशुल्क की गई।

परीक्षण पश्चात विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन योग्य मरीजों को आवश्यकतानुसार उचित उपचार की सलाह दी गई। परीक्षण पश्चात ऑपरेशन योग्य मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन (लेंस प्रत्यारोपण सहित) गोमाबाई नेत्रालय, नीमच में निर्धारित दिनांक 20 अप्रैल को निःशुल्क किए जाएंगे।

# पुरानी पेंशन बहाली हेतु राष्ट्रीय आह्वान पर जिलास्तरीय संवैधानिक पेंशन मार्च

**मनासा।** संवैधानिक पेंशन मार्च (वाहन रैली) एनएमओपीएस संघठन के बैनर तले आज मनासा विकासखंड मुख्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें सभी संघों के पदाधिकारी अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और अधिकारी शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करते हुए आज भव्य वाहन रैली दशहरा मैदान कॉलेज ग्राउंड के सामने से प्रातः 11बजे से एकत्रीकरण के साथ रेली का शुभारंभ करते हुए मंडी गेट से होते हुए सदर बाजार होते हुए रामपुरा नाका से मंदसौर नाका होते हुए लगभग 3 किलोमीटर लंबी कतार के साथ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय मनासा को ज्ञापन वाचन राकेश पाटीदार जिलाध्यक्ष एनएमओपीएस ने करते हुए अपनी मांग प्रमुख मांग पुरानी पेंशन योजना लागू करने हेतु अपनी आवाज बुलंद की गई।

जिला प्रभारी समरथ गोस्वामी ने एनएमओपीएस टीम के आगमी आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि




अभी तो ये एक शुरूवाती कदम है अगले मिशन में जनप्रतिनिधियों के द्वार घंटी बजाओ अभियान चलाया जाएगा फिर भी हमारी मांगे नहीं मानी जाती है तो भारतवर्ष के समस्त जिला मुख्यालयों पर पेंशन योजना लागू करवाने हेतु पेंशन रथ यात्रा निकाली जायेगी और फिर दिल्ली चलो अभियान चलाया जाएगा।

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रांतीय प्रवक्ता एनएमओपीएस विनोद राठौर ने किया तथा आज के सफल आयोजन में सम्मिलित पटवारी संघ जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह चुंडावत पंचायत संघ जिलाअध्यक्ष श्यामलाल राठौर रमेश मोदी नगर परिषद अर्जुन गुर्जर एमपीईबी अर्जुन सिंह स्वास्थ्य विभाग राज्य अध्यापक संघ जिला अध्यक्ष कवरलाल नागदा आजाद अध्यापक संघ जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मेघवाल आजाद अध्यापक शिक्षक संघ से दिनेश टांकवाल संयुक्त मोर्चा से अशोक पिचोलिया जिला अध्यक्ष संयुक्त मोर्चा मनोज शर्मा अक्षय बावेल सुरेश नागदा मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस संघ से देवकिशन रावत कमलेश बाडिका मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला उपाध्यक्षय राकेश पुरोहित राम गोपाल खिचावट संजय जैन बहादुर सिंह चंद्रावत राहुल देव जगदाने सुभाष सोनिया बलवंत हाड़ा साथ भरत राठौड़ अशोक वर्मा रामगोपाल बिलोदिया पर्शाराम रावत समस्त टीम जनपद शिक्षा केन्द्र से समस्त साथी कैलाश जी रावत नागेश जावड से पप्पू धाकड़ जोशीआदी प्रमुख पदाधिकारियों ने रैली में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

## देश में क्रांति युवाओं की वजह से आई - परिहार

**नीमच।** हाल ही में मतदता बने नए युवाओं को पार्टी से जोड़ने एवं पहले की कांग्रेसी सरकार के समय के प्रदेश की दुर्दशा को बताने के लिए भाजपा द्वारा ढाबा के बुथ क्रमाक 179 पर आयोजित कार्यक्रम में नए युवा वोटरों को भाजपा की रीति नीति से अवगत कराने के लिए विधायक दिलीप सिंह परिहार ने मार्गदर्शन दिया ।

इस अवसर पर विधायक परिहार ने कहा कि, युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ की हड्डी , देश में क्रांति युवाओं की वजह से आई भगत सिंह, झांसी की रानी, राजगुरु जैसे युवाओं ने देश को आजाद कराने में अपनी महती भूमिका निभाई, युवामोर्चा के कार्यकर्ताओ ने पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए 2 जी , कामनवेल्थ, चरा जैसे अनेक घोटालो को घर घर जाकर बताने का काम किया है, धारा 370 के चलते कश्मीर में परमिट लेकर जाना पढ़ता था हमने उसे समाप्त किया और देश का अभिन्न अंग बना ।

# कैंट पुलिस को मिली सफलता,दो लाख की चोरी गई ज्वेलरी के साथ आरोपी गिरतार

खास खबर

**नीमच।** नीमच के पॉश कॉलोनी विकास नगर में विगत दिनों फर्नीचर का काम करने वाले मजदूर द्वारा घर में रखी लगभग दो लाख की ज्वेलरी व कुछ नगदी पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसकी शिकायत पीड़ित पक्ष द्वारा कैंट थाने पर की गई थी मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश नगर पुलिस अधीक्षक फूल सिंह परस्ते व थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह सिसोदिया के निर्देशन व नेतृत्व में केंट पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी को चोरी की ज्वेलरी के साथ गिरफ्तार किया गया है।

उक्त मामले में अधिक जानकारी देते हुए सीएसपी फूल सिंह परस्ते व कैंट थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह सिसोदिया ने संयुक्त रूप से बताया



कि फरियादी आशुतोष पिता रवि दत्त शर्मा उम्र 56 वर्ष निवासी मकान नंबर 384 विकास नगर 14/4 ने कैंट थाने पर उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई कि 13 अप्रैल 2023 को 11 बजे के बाद कोई अज्ञात बदमाश उसके घर की अलमारी में से नगदी व सोने चांदी के जेवर जिसमें एक सोने की चेन दो सोने के पेंडल 1 जोड़ सोने के कान के टॉप्स, 2 जोड़ चांदी के पायजेब 200 ग्राम, दो चांदी के सिक्के चोर अपने साथ ले गया है कैंट पुलिस ने उक्त रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 196/23 धारा 454,380 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तकनीकी शिक्षा एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर अज्ञात आरोपी की पतारसी की जा कर आरोपी को गिरफ्तार करने में कैंट पुलिस को सफलता प्राप्त हुई कैंट पुलिस ने फरियादी पक्ष के घर पर फर्नीचर का काम करने के दौरान कार्य कर रहे धर्मेंद्र पिता गोपाल सुथार उम्र 39 वर्ष निवासी हाल मुकाम द्वारकापुरी कॉलोनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक सोने की चेन दो सोने के पेंडल 1 जोड़ सोने के कान के टॉप्स,दो जोड़ चांदी के पायजेब 200 ग्राम, दो चांदी के सिक्के कुल सामग्री 2 लाख रु जप्त की है उक्त सराहनीय कार्य में उपनिरीक्षक ए एस गोरे कैलाश कुमरे प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर प्रधान आरक्षक आदित्य गौड़ प्रधान आरक्षक कमल तिवारी आरक्षक लक्की शुक्ला आरक्षक गणेश मार्लेचा आरक्षक राजेंद्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## हरवार के खेतों में लावारिस अवस्था में देखा गया व्यक्ति

### अपनी पहचान बताने में असमर्थ





**हरवार। विनोद सांवला** जीरन थाना क्षेत्र के गांव हरवार के पूर्वी दिशा में मार के खेतों में उक्त व्यक्ति 7-8दिन से लावारिस स्थिति मैं देखा गया जिसका आज ग्रामीणों ने फोटो खींचकर पुलिस प्रशासन सो नंबर को फोन से बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति कुछ दिनों से गांव हरवार के खेतों में इधर देखा जा रहा है त्वरित 100 नंबर द्वारा मौका स्थिति पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को देखा वह पाया जिसको ग्रामीणों के सहयोग से हंड्रेड डायल जीरन पुलिस थाने पर ले गई फिलहाल व्यक्ति की वास्तविक स्थिति क्या है कहां का है पता नहीं चल पाया है

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त व्यक्ति की भाषा यूपी क्षेत्र या अन्य क्षेत्र की लगती है जो सही बता पाने में असमर्थ लग रहा है ग्रामीणों ने व्यक्ति के भूखे होने पर उसे कुछ बिस्कुट खिलाया और पानी भी पिलाया। मौके पर हंड्रेड डायल के पायलट मनीष राठौड़ आरक्षक श्याम व्यास के साथ ग्राम सुरक्षा समिति के संदीप जाट मनोज जैन कमल सिंह जाट पंकज जैन धर्मेंद्र जैन कुलदीप जाट अन्य ग्रामीण जन मौके पर पहुंचे जीरन थाना प्रशासन द्वारा उक्त व्यक्ति का स्वास्थ्य परीक्षण करवाए जाने की व्यवस्था की जा रही है प्रशासन ने उक्त व्यक्ति की फोटो सभी ग्रुपों में प्रेषित की है उक्त व्यक्ति को कोई पहचानता हो तो नीमच जिले के जीरन थाने से संपर्क कर सकता है।

## नीमच में ग्रीन बेल्ट पर सात दिवसीय योग शिविर की शुरुआत,योग को दैनिक जीवन का अंग बनाने की दी प्रेरणा



**नीमच, निप्र।** नगर समस्या एवं सुझाव ग्रुप के तत्वाधान में 17 से 23 अप्रेल तक चलने वाले योग एवं प्रणायाम शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चौप?ा के द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रात~ कालीन सत्र में किया गया। शिविर का समय प्रात 6.15 से 7.15 बजे तक रखा गया है। जानकारी देते हुवे ग्रुप एडमिन विवेक खण्डेलवाल ने बताया कि शिविर में योग गुरू डा. गुणवंत गोयल ने शिविरार्थियों को जीवन में योग एवं प्राणायाम का महत्व बताते हुए योग के गुर सिखाए। सभी ने बड़े ही मनोयोग से शिविर में भाग लिया। शिविर के प्रारंभ में योग गुरु गुणवंत गोयल ने योग एवं प्राणायाम को दैनिक जीवन का अंग बनाने की प्रेरणा दी। शिविर को सम्बोधित करते हुवे नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चौप?ा ने बताया कि योग को जीवन शैली बनाना मन, वचन व काया की स्वच्छता के लिए आवश्यक है। समाजसेवी सन्तोष चौप?ा ने एनएसएसजी ग्रुप की इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी। समाजसेविका रजिया अहमद ने कहा कि मैं 15 वर्ष की उम्र से योग कर रही हूं पर आज प्रथम बार मुझे दंत आसन, हनुमान हांस्य आसन, क्षमा आसन आदि नये नये गुर शिविर में योग गुरु से सीखने का मौका मिला। शिविर में प्रिंसीपल डॉ एनके डबकरा, डॉ स्वप्नील वधवा, डॉ बीना चौधरी, संगीता जारोली, कन्हैया शर्मा, योग शिक्षक सीमा गर्ग के साथ अन्य समाजसेवी, शिक्षक, एवं महिला पुरुषों ने भी प्रतिभागिता की। अंत मे सभी पधारे शिविरार्थियों को आंवला ज्यूस वितरित किया गया।

# जावद में खादय प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना पर दो दिवसीय कार्यशाला सपन्न

**जावद।** एमएसएमई विभाग जावद कृषि उपज मण्डी परिसर में मिलेट मिशन के तहत दो मिलेट प्रोसेसिंग उद्योग स्थापित करेगा। इन प्रोसेसिंग ईकाईयों को देखकर और कार्यशाला में प्राप्त जानकारी के आधार पर क्षेत्र के 50 से अधिक किसान नये खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने के लिए आगे आएगें। यह बात प्रदेश के एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने सोमवार को जावद में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला एवं उन्नत कृषकों की संगोष्ठी के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर सांसद सुधीर गुप्ता, सीएफटीआरआई, मैसूर की संचालक डॉ श्रीदेवी अन्नपूर्णा सिह एंव वैज्ञानिको का दल, कलेक्टर दिनेश जैन, ईएण्डवाय के प्रतिनिधि सुनीलकुमार सांई, एसडीएम श्रीमती शिवानी गर्ग, सचिन गोखरू, श्याम काबरा, सोहनलाल माली, अर्जुनमाली सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक एंव विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बडी संख्या में किसानबन्धु उपस्थित थे।

मंत्री श्री सखलेचा ने कहा, कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित कर, किसानभाई अपनी आमदनी चार गुना बढा सकते है। उन्होने किसानों का आव्हान किया, कि वे कृषि वैज्ञानिकों ईएण्डवाय के प्रतिनिधियों,



सीएमटीआरआई के वैज्ञानिकों से निरंतर संवाद सम्पर्क कर, फुड प्रोसेंसिंग यूनिट स्थापित करने के संबंध में जानकारी हांसिल कर, कलस्टर में छोट-छोटे कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित कर, अपनी कृषि आय को बढाये। एमएसएमई विभाग के ईएण्डवाय प्रतिनिधि सुनीलकुमार सांई ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापना के लिए लगने वाली मशीनरी, आवश्यक लायसेंस, लागत, कच्चे माल की उपलब्धता, मार्केटिंग, पैकेजिंग आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने कहा, कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थाना के बारे में डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट, हेण्डबुक आदि जानकारी एमएसएमई विभाग की वेबसाईड पर उपलब्ध है। उदयपुर से आये प्रकाश सारस्वत ने कांट्रेक्ट फार्मिग, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, हर्बल आधारित उद्योग की स्थापना, मिलेट के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना आदि के बारे विस्तार से बताया और इन उद्योगों की स्थापना पर शासन की ओर से मिलने वाली अनुदान राशि की जानकारी दी।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए , सीएफटीआरआई मैसूर की संचालक डॉ. श्रीदेवी अन्नपूर्णा सिंह ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए तकनीकी, डेवलपमेंट, स्किल्ड डेवलपमेंट, आवश्यक मशीनरी की उपलब्धता के कार्य में हर सम्भव सहयोग करने का विश्वास दिलाया।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा, कि क्षेत्र का किसान, समृद्ध,प्रगतिशील और नई तकनीक, नई खेती को अपनाने वाला किसान है। क्षेत्र के किसान कृषि में नये नये प्रयोग करते रहते है। समय के साथ किसानों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए आगे आना होगा। फूड प्रोसेसिंग कर किसानबन्धु अपने उत्पाद से अच्छा लाभ अर्जित कर सकते है। उन्होने क्षेत्र के किसानों से मिलेट के उत्पादन के लिए आगे आने का आव्हान भी किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न प्रकार के 100 से अधिक खाद्य प्रसंस्करण , उद्योगो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महाप्रबंधक उद्योग अमरसिंह मौर ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रदेश में लागू की गई नई एमएसएमई पालिसी, नये उद्योगों की स्थापना पर शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और अनुदान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यतिन मेहता ने किया तथा अंत उप संचालक कृषि दिनेश मंडलोई ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पीएम आवास योजना के तहत पक्का मकान पाकर खुश है सत्य नारायण

**नीमच।** नीमच जिले के जावद जनपद की ग्राम पंचायत लासूर निवासी सत्यनारायण पिता रामचन्द्र पहले अपने कच्चे मकान में परिवार के साथ गुजर बसर करते थे। बरसात में कच्चें मकान में आये दिन छत से पानी का टपकना एवं रात में जहरीले जीव जन्तुओं के कच्चे घर में प्रवेश की समस्या बनी रहती थी। सत्यनारायण ने भी अपने पक्के मकान का सपना संजोया था, परन्तु कमजोर आर्थिक स्थिति एवं परिवार की जिम्मेदारी के चलते यह सपना पूरा होना असम्भ सा लग रहा था। ऐसे में सत्यनारायण के पक्के मकान के सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना ने पूरा करने में काफी सहायता मिली।



इस योजना के तहत मकान स्वीकृत हो जाने से उनका पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है। अब वे पूरे परिवार के साथ अपने पक्के मकान में रहने लगे है। पक्का मकान बनने पर सत्यनारायण प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री जी तथा प्रधानमंत्री जी को आवास योजना का लाभ दिलाने पर धन्यवाद दे रहा है।

लासूर निवासी सत्यनारायण को प्रधानमंत्री आवास की सुविधा,तो मिली ही है साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत पक्के शौचालय की सुविधा, उज्जवला गैस कलेक्शन, बपीएल राशन कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, खाद्यान्न पर्ची, लाडली लक्ष्मी योजना, विद्युत कनेक्शन एवं आयुष्मान कार्ड की सुविधा भी शासन की ओर से मिली है।

# सेन जी महाराज के जन्मोत्सव बद्री विशाल मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा : शोभायात्रा का नगर में हुआ भव्य स्वागत

**रामपुरा।** तहसील मुख्यालय पर सेन समाज के आराध्य देव श्री सेन जी महाराज के 723 में जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा नगर के सिंघाड़ा गली स्थित बद्री विशाल मंदिर से प्रारंभ हुई । इस दौरान क्षेत्र के सभी सेन समाज के समाज बंधु माताएं बहने शोभायात्रा में सम्मिलित हुए शोभायात्रा के आगे समाज के युवा भगवा ध्वजा पताका हाथ में लिए चल रहे थे वही डीजे की तान पर युवा वर्ग एवं मातृशक्ति वर्ग नृत्य करती हुई चल रही थी। जिसके पीछे भगवान बद्री विशाल के रथ को पुष्पों से सजाकर भगवान के जयकारों के साथ समाज बंधु चल रहे थे जुलूस नगर के सिंघाड़ा गली से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार लालबाग छोटा बाजार जगदीश मंदिर सिनेमा रोड बस स्टैंड होता हुआ रेस्ट हाउस पर समाप्त हुआ। जहां भगवान बद्री विशाल की आरती उतारकर सेन जी महाराज के चित्र पर समाज बंधुओं



द्वारा पुष्प माला अर्पित कर सेन जी महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। अंत में सभी समाज बंधुओं माताओं बहनों का सामूहिक भोज आयोजित किया गया नगर में सेन समाज द्वारा प्रथम बार उक्त आयोजन भव्य तौर पर निकाला गया सेन समाज के तहसील अध्यक्ष श्री मंगल जी परमार एवं नगर अध्यक्ष श्री रमेश चंद गहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि सेन समाज के आराध्य देव भगवान सेन जी महाराज के 723 में जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे जिले भर में सेन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है उसी को लेकर रामपुरा में भी भगवान सेन जी महाराज का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें रामपुरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी सभी सेन समाज बंधुओं का सहयोग प्राप्त हुआ।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: 9407423966। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।